Divya Himachal Dt.18-08-26

# बोर्ड परीक्षाओं के मॉडल पेपर जारी

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला

■ नए परीक्षा पैटर्न और अंक विभाजन से छात्रों को मिलेगी तैयारी मे मदद



हिमाचल प्रदेश में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक अहम खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा पैटर्न को अधिक स्पष्ट, पारदर्शी और छात्र-अनुकूल बनाते हुए विभिन्न कक्षाओं के संशोधित आदर्श प्रश्न-पत्र (मॉडल पेपर) अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। बोर्ड का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समय रहते नए परीक्षा पैटर्न, अंक-विभाजन और प्रश्नों की प्रकृति से भलीभांति अवगत कराना है, ताकि वे बिना किसी दबाव के अपनी तैयारी को धार दे सकें। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने इस नई पहल की जानकारी देते हुए बताया कि ये संशोधन पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना पर आधारित हैं। अब शिक्षा प्रणाली में विषय-वस्तु को आंख मूंदकर रटने के बजाय छात्रों की समझ, तार्किक क्षमता, विश्लेषण और उसके व्यावहारिक प्रयोग (एप्लीकेशन) को परखने पर फोकस किया जा रहा है। इन मॉडल प्रश्न-पत्रों के नियमित अभ्यास से छात्र न केवल अपनी तैयारी का सटीक आकलन कर पाएंगे, बल्कि परीक्षा हॉल में उनका समय प्रबंधन और उत्तर लेखन कौशल भी मजबूत होगा।

17 / AUGEST 2026
सोमवार
धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश

RV 7 NEWS
सच की आवाज़

आपकी खबर, आपके साथ
www.rv7news.com

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हुई आसान: HPBOSE ने जारी किए संशोधित मॉडल पेपर, अब रटने के बजाय समझ पर होगा जोर

- **9वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए नया परीक्षा पैटर्न लागू,**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बोर्ड ने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की नई अध्ययन सामग्री।**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक अहम खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने परीक्षा पैटर्न को अधिक स्पष्ट, पारदर्शी और छात्र-अनुकूल बनाते हुए विभिन्न कक्षाओं के 'संशोधित आदर्श प्रश्न-पत्र' (मॉडल पेपर) अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। बोर्ड का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समय रहते नए परीक्षा पैटर्न, अंक-विभाजन और प्रश्नों की प्रकृति से भली-भांति अवगत कराना है, ताकि वे बिना किसी दबाव के अपनी तैयारी को धार दे सकें।



डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, HPBOSE

## रटने की प्रवृत्ति पर लगेगी रोक, कौशल विकास पर जोर

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस नई पहल की जानकारी देते हुए बताया कि ये संशोधन पूरी तरह से 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' की मूल भावना पर आधारित हैं। अब शिक्षा प्रणाली में विषय-वस्तु को आंख मूंदकर रटने के बजाय छात्रों की समझ, तार्किक क्षमता, विश्लेषण और उसके व्यावहारिक प्रयोग (एप्लीकेशन) को परखने पर फोकस किया जा रहा है। इन मॉडल प्रश्न-पत्रों के नियमित अभ्यास से छात्र न केवल अपनी तैयारी का सटीक आकलन कर पाएंगे, बल्कि परीक्षा हॉल में उनका समय प्रबंधन और उत्तर लेखन कौशल भी मजबूत होगा।

## वेबसाइट पर इन कक्षाओं व विषयों के पेपर उपलब्ध

छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए, पूर्व में उपलब्ध करवाए गए आदर्श प्रश्न-पत्रों में जरूरी बदलाव कर उन्हें वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है। वर्तमान में जिन विषयों के संशोधित मॉडल पेपर जारी किए गए हैं, उनका विवरण इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| 9वीं | कक्षा 9वीं | कला (Art) |
| 10वीं | कक्षा 10वीं | कला (Art) एवं संगीत (Music) |
| 11वीं | कक्षा 11वीं | कंप्यूटर साइंस (Computer Science) |
| 12वीं | कक्षा 12वीं | राजनीतिक विज्ञान (Political Science), संगीत (Music), उर्दू (Urdu) और गणित (Mathematics) |

## कमजोरियों को पहचान कर बेहतर तैयारी का मौका

डॉ. राजेश शर्मा ने प्रदेश के सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे बोर्ड की वेबसाइट से इन संशोधित प्रश्न-पत्रों को डाउनलोड कर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इन प्रश्न-पत्रों के अभ्यास से छात्र यह पहचान सकेंगे कि उन्हें किन विषयों और अध्यायों में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

इसके साथ ही, बोर्ड अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों एवं विद्यालय प्रमुखों से भी विशेष अपील की है कि वे कक्षाओं में विद्यार्थियों को इन आदर्श प्रश्न-पत्रों के माध्यम से नए परीक्षा पैटर्न से परिचित करवाएं। शिक्षकों का यह मार्गदर्शन बच्चों के भीतर आत्मविश्वास पैदा करेगा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री के साथ अंतिम परीक्षाओं के लिए तैयार करेगा।




मॉडल पेपर डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट पर जाएं

**www.hpbose.org**

Anant Gyan Dt.18-08-26

अनंत ज्ञान

# अब बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हुई आसान, संशोधित मॉडल पेपर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने संशोधित आदर्श प्रश्न-पत्र (मॉडल पेपर) अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को नए परीक्षा पैटर्न, अंक-विभाजन और प्रश्नों की प्रकृति से समय रहते परिचित करवाना है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संशोधित मॉडल पेपर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तैयार किए गए हैं। अब विद्यार्थियों की केवल विषय-वस्तु याद करने की क्षमता के बजाय समझ, तार्किक क्षमता, विश्लेषण और व्यावहारिक प्रयोग को भी परखा जाएगा। मॉडल पेपर के अभ्यास से विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी, समय प्रबंधन और उत्तर लेखन में मदद मिलेगी। बोर्ड ने कक्षा 9वीं में कला, 10वीं में कला एवं संगीत, 11वीं में कंप्यूटर साइंस तथा 12वीं में राजनीतिक विज्ञान, संगीत, उर्दू और गणित के संशोधित मॉडल पेपर उपलब्ध करवाए हैं। विद्यार्थी इन्हें बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

**◆ 9वीं से 12वीं तक नए परीक्षा पैटर्न के अनुरूप अध्ययन सामग्री उपलब्ध**

डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों से नियमित अभ्यास करने तथा शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों से कक्षाओं में इन प्रश्न-पत्रों के माध्यम से नए पैटर्न की जानकारी देने का आग्रह किया। इससे विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को पहचानकर परीक्षा की तैयारी को और बेहतर बना सकेंगे।

# New Exam Pattern Implemented by HP Board of School Education for Classes 9 to 12



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA AUG 17 : There is important news for students in Himachal Pradesh preparing for upcoming board examinations. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has released 'revised model question papers' for various classes on its official website, making the examination pattern clearer, more transparent, and student-friendly. The Board's primary objective is to familiarize students well in advance with the new exam pattern, mark distribution, and the nature of questions, enabling them to refine their preparation without undue pressure.

While announcing this new initiative, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that these revisions are entirely based on the core spirit of the 'National Education Policy-2020'. The education system is now shifting its focus from rote memorization of content to assessing students' understanding, logical reasoning, analytical skills, and practical application of knowledge. Regular practice with these model question papers will not only allow students to accurately assess their preparation but also strengthen their time management and answer-writing skills for the examination hall. Keeping the students' interests in mind, the previously available model question papers have been updated on the website with necessary modifications. Revised model papers have currently been released for specific subjects.Dr. Rajesh Sharma has urged all students in the state to download these revised question papers from the Board's website and make the most of them. Practicing these papers will help students identify the subjects and chapters that require extra effort.

Additionally, the Board Chairman has made a special appeal to all teachers and school heads to familiarize students with the new exam pattern in the classroom using these model question papers. Such guidance from teachers will instill confidence in the students and prepare them for the final examinations with high-quality educational material.

**Dainik Jagran**
**18-08-2026**

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी हुई आसान, संशोधित माडल पेपर जारी

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कक्षाओं के संशोधित माडल पेपर जारी किए हैं। बोर्ड ने इन्हें अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप की है। अब परीक्षाओं में रटने के बजाय विद्यार्थियों की समझ, तार्किक क्षमता, विश्लेषण और व्यावहारिक ज्ञान को अधिक महत्व दिया जाएगा। माडल पेपर के अभ्यास से विद्यार्थियों का समय प्रबंधन और उत्तर लेखन कौशल भी बेहतर होगा।

बोर्ड की वेबसाइट पर कक्षा 9वीं के कला, 10वीं के कला और संगीत, 11वीं के कंप्यूटर साइंस व 12वीं के राजनीतिक विज्ञान, संगीत, उर्दू और गणित विषयों के संशोधित माडल पेपर उपलब्ध करवा दिए हैं। डा. राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों से इन माडल पेपर का अधिक से अधिक अभ्यास करने का आग्रह किया है। वहीं, शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों से भी अपील की गई है कि वे विद्यार्थियों को नए परीक्षा पैटर्न से परिचित करवाकर उनकी बेहतर तैयारी सुनिश्चित करें।

Himachal Dastak:18-08-2026

## प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किए संशोधित आदर्श प्रश्नपत्र

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संशोधित आदर्श प्रश्नपत्र जारी किए है। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को नए परीक्षा पैटर्न, अंक-विभाजन और प्रश्नों की प्रकृति से परिचित कराना है। संशोधित आदर्श प्रश्नपत्र कक्षा 9वीं के कला, 10वीं के कला एवं संगीत, 11वीं के कंप्यूटर विज्ञान तथा 12वीं के राजनीतिक विज्ञान, संगीत, उर्दू और गणित विषयों के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों से इन प्रश्नपत्रों का अधिक से अधिक अभ्यास करने तथा शिक्षकों व विद्यालय प्रमुखों से कक्षाओं में नए परीक्षा पैटर्न से विद्यार्थियों को परिचित करवाने का आग्रह किया है

AUGUST 18, 2026 TUESDAY

HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

# HPBOSE RELEASES REVISED MODEL PAPERS FOR CLASSES 9-12 TO STREAMLINE EXAM PREPARATION

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



In a major relief for students preparing for the upcoming board exams, the Himachal Pradesh Board of School Education has released revised model question papers on its official website. This initiative aims to make the examination pattern clearer and more student-friendly, giving students ample time to understand the new marking scheme and question formats so they can prepare without any unnecessary stress.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma explained that these updates are deeply rooted in the principles of the National Education Policy 2020. The new examination system shifts the focus away from blind rote memorization. Instead, it is designed to test a student's actual comprehension, logical reasoning, analytical abilities, and practical application of knowledge. By regularly practicing with these model papers, students will be able to accurately judge their current preparation levels while significantly improving their time management and answer-writing skills in the exam hall.

To ensure students have the most accurate study materials, the board has updated the previously uploaded model papers. The newly revised papers currently available on the website include Art for the 9th grade, Art and Music for the 10th grade, Computer Science for the 11th grade, and Political Science, Music, Urdu, and Mathematics for the 12th grade.

Dr. Sharma strongly encouraged all students across the state to download these updated papers and make full use of them. Practicing these questions will help students easily identify which subjects and chapters require more of their attention. Additionally, the board chairman appealed to all teachers and school principals to integrate these model papers into their regular classroom teaching. He emphasized that proper guidance from educators will help familiarize students with the new pattern, ultimately boosting their confidence and ensuring they are fully prepared for their final exams.